Total number of printed pages–4

ANANDARAM DHEKIAL PHOOKAN COLLEGE LIBRARY
Acc. No.
Date
Nagaon

1A (Sem–1/ITEP) HIN02 MJ

2025

HINDI

(Major)

Paper : HIN0100204–N

(अनुवाद : सिद्धान्त एवं व्यवहार)

(Anuwad : Sidhant evam Vyaboher)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'अनुवाद' शब्द का अर्थ क्या है?

(ख) 'अनुवाद' शब्द में विद्यमान 'वद' धातु का अर्थ क्या है?

(ग) शब्दानुवाद किसे कहते है?

(घ) Director का हिन्दी पर्याय बताइए।

(ङ) अनुवाद-प्रक्रिया में आनेवाले *किसी एक* मुख्य चरण का उल्लेख कीचिए।

(च) काव्यानुवाद में आनेवाले *किसी एक* प्रमुख समस्या का उल्लेख कीजिए।

(छ) 'तकनीकी' अनुवाद क्या है?

(ज) 'पारिभाषिक शब्द' किसे कहते है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं छः* का अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) अनुवाद के संदर्भ में 'स्त्रोत भाषा' और 'लक्ष्य भाषा' के तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) भावानुवाद की परिभाषा दीजिए।

(ग) 'अनुवाद' की *एक* बहु प्रचलित परिभाषा दीजिए।

(घ) सारानुवाद क्या है?

(ङ) काव्यानुवाद की दो विशेषताएँ लिखिए।

(च) छायानुवाद का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(छ) शब्दानुवाद और भावानुवाद में निहित *दो* अन्तर को लिखिए।

(ज) निम्नलिखित वाक्यांशों का अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :

(i) आपका आज्ञाकारी

(ii) अनुमोदन हेतु

(झ) विज्ञापन के निम्नलिखित नमूनों का अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :

(i) नई दिशाएँ, नई आशाएँ

(ii) एक के साथ एक फ्री

(ञ) निम्नलिखित *किन्हीं दो* शब्दों के अंग्रेज़ी पारिभाषिक रूप लिखिए :

राजदूत, लिपिक, पारपत्र, विज्ञापन।

ANANDARAM DHEKIL PHOOKAN COLLEGE LIBRARY
Acc. No.
Date

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) 'अनुवाद' के स्वरूप पर विचार कीजिए।

(ख) निम्नलिखित कार्यालयीन अभिव्यक्तियों के हिन्दी मानक रूप लिखिए :

As early as possible, Point of view, For approval, Call for explanation, Do the needful.

(ग) अनुवाद शिल्प है या कला? विचार कीजिए।

(घ) एक अच्छे अनुवादक के *किन्हीं पाँच* गुणों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) साहित्यिक विद्या के आधार पर अनुवाद के प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(च) निम्नलिखित गद्यांश का अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :

भाषा का सभी प्रकार की शिक्षण से निर्विवाद संबंध है। भाषा किसी व्यक्ति को नए विचारों को समझने, विचारों का आदान-प्रदान करने और दूसरों के साथ अपने विचारों को संप्रेषित करने में सक्षम बनाती है, शिक्षा में भाषा की भूमिका को पूरी तरह समझने के लिये, भाषा के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण विकसित करना आवश्यम है। भाषा का बहुआयामी परिप्रेक्ष्य में अध्ययन किया जाना चाहिए, जिसमें उसके संरचनात्मक, साहित्यिक, समाजशास्त्रीय, सांस्कृतिक, मनोवैज्ञानिक और सौन्दर्यपरक पहलुओं को उचित महत्व दिया जाए।

(छ) निम्नलिखित गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Our country is in need of doctors. There are many villages which have no doctors. There are many hospitals without doctors. Thus, there are large number of people who do not get medicine and there are many who do not get proper treatment. All these are due to the want of qualified doctors.

(ज) निम्नलिखित अंग्रेज़ी शब्दों के हिन्दी पारिभाषिक रूप लिखिए :

Accountant, Superintendent, Advocate, Ambassador, Leave.

4. निम्नलिखित *किन्हीं दो* प्रश्नों के सम्यक उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) अनुवाद की परिभाषा देते हुए उसके प्रमुख प्रकारों पर विचार कीजिए।

(ख) निम्नलिखित *किन्हीं दो* पर टिप्पणी लिखिए :

आदर्श अनुवाद, कथानुवाद, नाटकानुवाद, मशीनी अनुवाद।

(ग) 'अनुवाद' शब्द की व्युत्पत्तिपरक अर्थ पर विचार करते हुए उसके महत्व पर विचार कीजिए।

(घ) रोजगार के सशक्त माध्यम के रूप में अनुवाद की उपयोगिता पर विचार कीजिए।

ANANDARAM DHEKIAL PHOOKAN COLLEGE LIBRARY
Acc. No.
Date
Nagaon · Assam